

# दैनिक भारतीय बस्ती



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :47 अंक 27 शुक्रवार 15 अगस्त 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com





### शुभकामना

स्वतंत्रता दिवस पर दैनिक भारतीय बस्ती के पाठकों, शुभेच्छुओं, विज्ञापनदाताओं,वितरकों सहित जन–जन को हार्दिक शुभकामना–

**– सम्पादक**

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दैनिक भारतीय बस्ती प्रेस एवं कार्यालय बंद रहेगा। आगामी अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**–व्यवस्थापक**

# पहलगाम हमला कायराना, अमानवीय–राष्ट्रपति



**नई दिल्ली (आभा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। 24 मिनट के संबोधन में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी।

उन्होंने कहा– इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।

राष्ट्रपति ने आगे कहा– कश्मीर घाटी में रेल सर्विस शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। इससे उस क्षेत्र में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। साथ ही कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है।

कहा कि पहलगाम हमला निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। रणनीतिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ, हमारी सेना ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 में देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

## बादल फटने से 42 की मौत, 200 लापता



किश्तवाड (आभा)। जम्मू–कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 42 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं।हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब–डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए।

## तिरंगा यात्रा निकालकर दिया संदेश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज गुरुवार को जिले में भव्य तिरंगा यात्रा (बाइक रैली) का ऐतिहासिक आयोजन हुआ। शहर का माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस यात्रा का नेतृत्व असम भाजपा प्रभारी एवं पूर्व सांसद श्री हरीश द्विवेदी और भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विवेकानन्द मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजकिशोर सिंह भी सम्मलित रहे।

















## पूर्व विधायक संजय जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा मय हुआ रूधौली



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**बस्ती । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रूधौली विधानसभा के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल के नेतृत्व मे गुरूवार को रूधौली में शहीद शिव गुलाम सिंह स्थल से पैड़ा चौराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुए संजय प्रताप ने कहा कि आजादी की लड़ाई में बस्ती की माटी का बहुत बड़ा योगदान है जब स्वतन्त्रता संग्राम की लड़ाई चल रही थी तब बस्ती के बीर सपूतो ने अपनी जांन गवां कर अग्रेंजो के खिलाफ आवाज बुलन्द किया । हम उन्हें श्रद्वा सुमन अर्पित करते है । हमारा देश दिन प्रतिदिन तरक्की कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। देश के वीर जवान मां भारती की रक्षा के लिए सीमा पर डटे हुए है हम सभी लोगो को मिल कर देश हित मे कार्य करना चाहिए ।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संगीता जायसवाल, मनोज सिंह, राजकुमार चौधरी, जेपी जायसवाल, सन्जू सिंह, रत्नेश राय,पप्पू चौधरी, पंकज सिंह, मुन्ना जायसवाल, प्रिन्स जायसवाल, विजय कुमार पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, अतुल यादव, भोला सिंह,विकास शर्मा, कम्मू, उमेश सिंह, रणजीत यादव,परवेज कुमार, मोनू पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डा. बी.बी. मिश्र के निधन पर शोक

**-भारतीय बस्ती संवाददाता-**

बस्ती। वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डा. बी.बी. मिश्र का बड़े बन स्थित आवास पर गुरूवार को निधन हो गया। 72 वर्षीय डा. मिश्रा अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। डा. मिश्र का अंतिम संस्कार अयोध्या स्थित सरयू तट पर किया गया।

वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक एवं रिसर्च सोसायटी आफ होम्योपैथी के संरक्षक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि बी.बी. मिश्र का निधन होम्योपैथ चिकित्सा क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। होम्योपैथ के माध्यम से डा. मिश्रा ने लाखों मरीजों का उपचार किया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। डा. बी.बी. मिश्र के निधन पर अनेक चिकित्सकों, समाजसेवी संगठनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।















*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
# भारतीय बस्ती
बस्ती 15 अगस्त 2025 शुक्रवार

## सम्पादकीय

### स्वाधीनता की विकास यात्रा और चुनौतियां

79 वां स्वाधीनता दिवस का पर्व ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब देश में मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर सड़क से संसद तक सियासत गर्म है। यदि पिछले 7 दशक में मतदाता सूची को शुद्ध बनाया गया होता तो आज बिहार में बड़ी संख्या में लोग इस बात की गुहार न लगाते कि वे जीवित हैं लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद की भारत की यात्रा गौरवशाली उपलब्धियों की गाथा है। हालांकि यह भी सत्य है कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन की चुनौतियों सहित कई गंभीर चुनौतियों से अब तक निपटा नहीं जा सका है। देश ने लम्बे संघर्ष के बाद स्वाधीनता प्राप्त की थी और इस संघर्ष में सभी जातियों और धर्मों के असंख्य लोगों ने बलिदान दिया था।

साहसी स्वाधीनता सेनानियों के विरोध तथा उनका साथ देने वाले उन लाखों लोगों से जाहिर होता है, जिन्होंने दौलत और ताकत के लालच को अस्वीकार कर गरीबी और तकलीफों को गले लगाया। एक दिलचस्प किस्से के माध्यम से इसे स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है। जब इलाहाबाद से छपने वाले स्वराज्य अखबार ने अपने संपादक के पद के लिए विज्ञापन दिया और प्रत्येक संपादकीय के लिए एक गिलास पानी, दो रोटियां और 10 साल के सश्रम कारावास को प्रोत्साहन के रूप में दर्शाया, तो राष्ट्र की सेवा को तत्पर बड़ी तादाद में उम्मीदवार उसके कार्यालय में आ जुटे।

स्वाधीनता के बाद भी यही भावना बरकरार रही। जब भी बाहरी या आंतरिक चुनौतियों का सामना करने की नौबत आयी, भारत चट्टान की तरह मजबूती से खड़ा रहा और उसने अपने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के साथ ही साथ विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं। ऐसी अबाधित प्रगति के मार्ग की रचना निस्संदेह हमारे संविधान निर्माताओं ने की थी। संविधान सभा में हुई चर्चाओं से पता चलता है कि संविधान निर्माता विचारशील प्रजातंत्रवादी थे, जो यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि लोकतंत्र भारतीय समाज की विविधताओं का समावेशन करे और उसके सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक जीवन के विरोधाभासों का समाधान करे। उनके प्रयासों की सफलता की छाप देश की राजनीतिक गतिविधियों में परिलक्षित होती है। वर्ष 1952 में प्रथम आम चुनावों में जहां 54 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था, वहीं 2014 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या बढकर 464 हो गयी।

78 साल की अवधि में, भारत ने बहुत से क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत ने 1975 में अपने प्रथम उपग्रह आर्यभट्ट का प्रक्षेपण किया और अब उसकी निगाहें 200 बिलियन डॉलर वाले लाभप्रद रॉकेट बाजार पर टिकी हैं। स्वदेशी तौर पर विकसित ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल हमारे वैज्ञानिकों की योग्यता का देदीप्यमान उदाहरण है। भारत मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजिम (एमटीसीआर) का 35वां सदस्य भी बन चुका है, जिसके लिए चीन पिछले एक दशक से प्रयासरत है। 1951 में, जीवन प्रत्याशा लगभग 37 वर्ष थी, जो 2011 में 65 वर्ष हो गयी। हालांकि यह विकास समावेशी नहीं रहा है और 20 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय लोग अब तक गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। गरीबी, अज्ञानता, स्वास्थ्य के खराब मापदंड, सामाजिक एवं आर्थिक असमानताएं, जो बड़ी संख्या में लोगों के कष्टों का कारण हैं, विकास की हमारी चर्चाओं पर धब्बा हैं। रोजमर्रा के जीवन की परेशानियों को दूर करना आज की सरकार का सबसे बड़ा कार्य है। इसमें किसी भी चीज से ज्यादा अस्थिर करने की क्षमता है।

भारत में ही लेखन में दशमलव मूल्य प्रणाली और 'शून्य' के उपयोग का विकास हुआ। सुश्रुत की सुश्रुत संहिता, चिकित्सकीय ज्ञान का खजाना है, क्योंकि प्लास्टिक सर्जरी की प्रारम्भिक घटनाओं में से एक का उल्लेख इसमें पाया जाता है। हालांकि प्राचीन भारत के इन योगदानों को नजरंदाज कर दिया गया। प्राचीन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हासिल की गयी महान उपलब्धियों का उल्लेख चंद पंक्तियों या अनुच्छेदों में कर दिया गया। इससे संस्कृति, राष्ट्रवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन राजनीतिक, वैचारिक और अकादमिक विचार–विमर्श अनिवार्य हो जाता है। अपने वैचारिक अधिपत्य साथ ही साथ भारत के विचार को परिभाषित करने के लिए परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों के बीच टकराव होता आया है। इसके अलावा, वे भारत के लोगों की चेतना में अंतर्निहित सभ्यता के अंतर्भूत मूल्यों के सामर्थ्य को नष्ट नहीं कर पाए हैं। औपनिवेशिक अवधि के दौरान हमारे अतीत को फिर से सामने लाते हुए और प्रमुखतया सांस्कृतिक संदर्भ में राष्ट्रवाद की व्याख्या करते हुए विचारक से स्वाधीनता सेनानी बनी बाल गंगाधर तिलक, बी सी पाल, महर्षि अरविंदो जैसी विभूतियों ने इनका स्मरण कराया। हालांकि स्वाधीनता प्राप्ति के बाद वाले भारत में राष्ट्रवाद को राष्ट्र की सांस्कृतिक जड़ों से पुन: जोड़ने के लिए ज्यादा प्रयास नहीं किए गए। यहां तक कि स्वाधीनता संग्राम का इतिहास उत्तरोत्तर उजागर हो रहा है। अपने प्राणों की आहुति देने वाले कुछ लोगों के नाम तक आधुनिक इतिहास की पुस्तकों में नहीं मिलते, जबकि कुछ लोगों को स्वाधीनता संग्राम में उनके योगदान के अनुपात से अधिक स्थान मिला है। विचार–विमर्श और विवाद भी भारतीय मानस की राजनैतिक स्वतंत्रता हेतु सर्वसम्मति के लिए अनुकूल आधार तैयार करते आए हैं। जनता की यह महत्वाकांक्षा और भावना अक्सर ऐतिहासिक फैसले में परिलक्षित होती है। वैश्विक मामलों में भूमिका निभाने के लिए हमारी ताकत और सामर्थ्य की नैतिक व्याख्या की आवश्यकता है। भारत का नियति के साथ वादा की राह में कई रुकावटें हैं और उसे कई परीक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना है। हमें जनता के विश्वास पर खरा उतरना होगा। पूर्ण विश्वास है कि अनगिनत चुनौतियों के बीच भारत की विकास यात्रा जारी रहेगी और उम्मीदें पूरी होंगी।

# स्वतंत्रता और स्वराज की विकास यात्रा और विषमता



–विश्वनाथ सचदेव–



स्वराज का मतलब यह भी है कि हम सत्ता के अनुचित उपयोग के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी अपने भीतर जगायें? अन्याय के विरोध का भाव जगाना ही पर्याप्त नहीं है, अन्याय के विरोध की क्षमता भी स्वतंत्र देश के हर नागरिक में होनी चाहिए। एक स्वतंत्र समाज का दायित्व बनता है कि वह ऐसी स्थितियां बनाये कि हर नागरिक में अन्याय का विरोध करने की क्षमता जगे।

'स्वराज में राहत तो होगी' मजदूर मगर भूखा होगा' उसके बदले की रोटी' दौलत वाला खाता होगा... आजादी चीज तो अच्छी है, लेकिन है पैसे वालों की, मजदूर को मजदूरी करनी' गोरों के बजाय कालों की... ।' यह पंक्तियां किसने लिखी हैं, यह तो नहीं पता, पर इतना अवश्य पता है कि आजादी की लड़ाई के दौरान कुछ लोग इस तरह के गीत भी गाया करते थे। मैंने अपने पिताजी से बचपन में ये पंक्तियां सुनी थीं और यह बात वे तब कहते थे जब देश में आर्थिक या सामाजिक विषमता का कोई मुद्दा उठता था। समानता और बंधुता के सारे दावों के बावजूद विषमता की खाइयों की गहराइयां कम नहीं हो रहीं। बड़े–बूढ़ों से यह बात हम अक्सर सुनते रहते हैं कि आजादी पा लेने के बावजूद देश में समानता का वह सपना कहीं पूरा होते नहीं दिखता जो हमारे स्वतंत्रता सेनानी देखा करते थे। यह केवल सच्चाई अपने आप में बहुत कुछ कह देती है कि आज देश की आबादी के दस प्रतिशत ऊपरी हिस्से के पास देश की राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है!

आज जबकि हम अपनी आजादी के 78वें साल में दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ने के दावे कर रहे हैं, करोड़ों को गरीबी रेखा से उबारने की दुहाई दे रहे हैं, दुनिया की सबसे तेजी से सुधरती अर्थव्यवस्था होने का दम भर रहे हैं, स्वयं को विश्वगुरु मान रहे हैं तो यह सवाल उठना ही चाहिए कि देश की 80 प्रतिशत आबादी को सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रतिमाह 5 किलो अनाज पर जीवन–यापन क्यों करना पड़ रहा है? सरकारी मदद को भीख कहना अच्छा नहीं लगता है, पर हकीकत है– इससे भी तो इन्कार नहीं किया जा सकता।

बरसों पहले भारत की संसद में उठा तीन आने और तेरह आने वाला सवाल एक तरह से आज भी मुंह बाये हमारे सामने खड़ा है। देश की आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए समाजवादी विचारक और नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को चुनौती दी थी कि वे इस स्थापना को गलत साबित करके बतायें कि देश के 27 करोड़ लोग तीन आने से भी कम पैसे में अपना जीवन–यापन करने के लिए विवश हैं। तब रुपये में सोलह आने हुआ करते थे और देश की आबादी भी 50–55 करोड़ थी। अपने उस भाषण में डॉ. लोहिया ने देश की संसद में कहा था, 'देश के प्रधानमंत्री पर प्रतिदिन पच्चीस हजार रुपये खर्च होते हैं! जबकि, देश का आम नागरिक प्रतिदिन तीन आने में अपना काम चलाने के लिए बाध्य है!' ज्ञातव्य है कि तब प्रधानमंत्री नेहरू ने डॉ. लोहिया की इस स्थापना को गलत तो कहा था, पर उन पर देशद्रोही होने का आरोप नहीं लगाया था।

आजादी की लड़ाई के दौरान स्वराज में मजदूर के भूखा सोने की बात कहने वाले की आलोचना तब भी होती थी, पर उन्हें देशद्रोही नहीं समझा जाता था। आज हम आजाद हैं, और आजादी का तकाजा है कि हम सततः सावधान रहने की शर्त को पूरा करने वाले नागरिक सिद्ध हों। नागरिक की जागरूकता स्वतंत्र देश की सार्थकता की पहली शर्त है। आज जबकि हम आजादी की 78वीं सालगिरह मनाए जा रहे हैं, हममें से हर एक को अपने आप से यह पूछना होगा कि सततः जागरूकता की इस कसौटी पर हम कितना सफल सिद्ध होते हैं? पूछना तो हमें अपने आप से यह भी है कि क्या वह पूरी आजादी हमने पा ली है जिसकी शपथ 95वें साल पहले हमने रावी नदी के तट पर ली थी?

यह पूरी आजादी की शपथ देश ने कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में ली थी। इस पूरी आजादी का मतलब सिर्फ अपना शासन नहीं था। पूरी आजादी का मतलब था वह सोच जो हर नागरिक को खुली हवा में सांस लेते हुए राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रगति का समान अवसर देती है।

स्वतंत्रता को किसी भी कीमत पर महंगी न समझने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, 'जब तक हम पूर्ण स्वतंत्र नहीं हैं, हम गुलाम ही हैं।' आज बापू के इन शब्दों को सही अर्थों में समझने की आवश्यकता है। पूरी आजादी का मतलब है समान अधिकारों और समान अवसरों के साथ जी पाना। क्या ऐसी स्थिति है हमारे देश में? आजादी की लड़ाई के दौरान जिस तरह राहत की बात कवि कर रहा था, क्या सचमुच हमने वह राहत पा ली है? हमारे पूर्वजों ने स्वतंत्र भारत में एक ऐसे मानव–समाज की कल्पना की थी जिसमें हर नागरिक को समान अधिकारों के साथ जीने का अधिकार भी मिलेगा और अवसर भी। उस स्वतंत्रता में कोई छोटा या बड़ा नहीं होगा। स्वतंत्र भारत में समानता का मतलब वह व्यवस्था होगी जिसमें झोपड़ी कुछ ऊंची होगी, महल कुछ नीचा। जाति और वर्ण के आधार पर किसी को नीचा या ऊंचा नहीं माना जायेगा। हमारे संविधान का आमुख हर नागरिक को न्याय पाने का पूरा अधिकार देता है। समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता की यह स्थितियां क्या हमने पा ली हैं?

एक सवाल और जो हमें अपने आप से पूछना चाहिए वह यह है कि क्या हम सचमुच स्वतंत्रता और स्वराज का मतलब समझते हैं? स्वतंत्रता बंधन से मुक्ति का नाम है और स्वराज का मतलब है निज–शासन की युक्ति। स्वतंत्रता कुछ बंधन लाती है अपने साथ। बंधन अर्थात संयम। बंधन अर्थात मर्यादाओं में जीने की युक्ति। यह तो सब जानते हैं कि स्वराज का मतलब सत्ता का अपने अथवा अपनों के हाथ में आना है, पर हम में से कितने लोग यह समझते हैं कि स्वराज का मतलब यह भी है कि हम सत्ता के अनुचित उपयोग के विरुद्ध खड़े होने का साहस भी अपने भीतर जगायें? अन्याय के विरोध का भाव जगाना ही पर्याप्त नहीं है, अन्याय के विरोध की क्षमता भी स्वतंत्र देश के हर नागरिक में होनी चाहिए। एक स्वतंत्र समाज का दायित्व बनता है कि वह ऐसी स्थितियां बनाये कि हर नागरिक में अन्याय का विरोध करने की क्षमता जगे।

पंद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी को तिरंगा फहराकर हम अपनी आजादी का उत्सव तो मना सकते हैं, पर इस उत्सव की सार्थकता तभी होगी जब देश का हर नागरिक वह जीवन जी सके, जिसमें आजादी अपने पूरे के साथ को पुष्पित–पल्लवित होगी। सच्चा और पूरा स्वतंत्र समाज वही है जिसमें हर रंग के फूल अपनी गंध बिखेर रहे हों, जहां जाति के आधार पर आदमी और आदमी के बीच की दूरी नहीं होगी। रावी के तट पर हमने पूरी आजादी पाने की शपथ ली थी, उस आजाद भारत में ऊंच–नीच का कोई भेद नहीं होना था, धर्म की दीवार नहीं होनी थी, पूरी आजादी वाले उस समाज में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है, जहां धर्म बांटता नहीं, जोड़ता है, जहां पूजा–स्थल मनुष्यता के धर्म को परिभाषित करते हैं। पूरी आजादी वाला वह समाज अभी बनाना है हमें। आर्थिक असमानता और सामाजिक विषमता की दीवारों–खाइयों को ढहाने–पाटने की आवश्यकता को अनुभव करके ही हम अपना बेहतर भारत बना सकते हैं। सच कहूं तो तभी जयहिंद कहने का अधिकार मिलेगा हमें।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# आजादी और जिन्दगी की जरूरतें



– ललित गर्ग–



देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं–हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व–निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेजी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस–यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण–ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आजादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे "आजादी" को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आजादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण–जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आजादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आजादी मिली है?


आजादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती– इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज बनती जा रही है। 'हवा–पानी की आजादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना–ये सब मिलकर हवा को जहरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है–तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे–"अब भी खरे हैं तालाब।" आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव–गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम है। आजादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हों और उसकी आवाज सिर्फ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मियां



–अजय कुमार–




उत्तर प्रदेश में अगले साल संभावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ने गांव से लेकर शहर तक राजनीति के गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी भले ही चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन गाँव–गाँव में चौपाल सजने लगी हैं। चाय की दुकानों, पंचायत चौपालों और खेतों के किनारों पर अब सिर्फ फसल और महंगाई की नहीं, बल्कि प्रधान बनने की रणनीतियों की बातें हो रही हैं। प्रदेश में पंचायत चुनाव हमेशा से ही सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का केंद्र रहे हैं। पंचायती चुनाव की महत्ता की बात की जाये तो पंचायत राज व्यवस्था का उद्देश्य था ''गाँव का शासन गाँव के हाथ में''। एक तरफ गांव में चौपालें सज रही हैं तो दूसरी तरफ इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बदली हुई आरक्षण की व्यवस्था लागू होने की सुगबुगाहट के चलते चुनाव लड़ने के इच्छुक कई नेताओं उम्मीदवारों की पेशानियों पर बल पड़ गये है। ऐसे इस लिये है क्योंकि हाल ही में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार से पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट कहा था कि पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया 2015 को आधार वर्ष मानकर लागू की जाये, इसी के साथ कोर्ट ने प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई आरक्षण सूची को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले ने न केवल योगी सरकार की किरकिरी कराई बल्कि नई चुनौतियाँ भी खड़ी कीं हैं,वहीं हाईकोर्ट के फैसले ने ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी गणित को भी पूरी तरह बदल दिया।

बहरहाल, पंचायत चुनाव में आरक्षण का मुद्दा उत्तर प्रदेश में लंबे समय से विवादास्पद रहा है। इस बार भी, जब सरकार ने नई आरक्षण नीति लागू करने की कोशिश की, तो इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि नई आरक्षण नीति पारदर्शी नहीं है और यह सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करती थी,जिसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सरकार को निर्देश दिया कि आरक्षण की व्यवस्था 2015 के आधार पर ही लागू की जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि नई सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस फैसले का असर ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के लिए होने वाले चुनावों पर पड़ना तय है। कई उम्मीदवार, जो पहले से अपनी जीत की रणनीति बना चुके थे, अब नए सिरे से रणनीति तैयार करने में जुट गए। खास तौर पर, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति–जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह फैसला महत्वपूर्ण रहा। हाईकोर्ट के इस आदेश ने यह सुनिश्चित किया कि आरक्षण का रोटेशन चक्रानुक्रम (रोटेशनल) तरीके से हो, जिससे हर वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

इसके बाद ही योगी सरकार ने पंचायत चुनाव में 2015 के अनुसार पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का फैसला किया है। यह आयोग सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन का अध्ययन करेगा और आरक्षण नीति को और मजबूत करने के लिए सुझाव देगा। इस कदम को सामाजिक समावेशिता की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इसके विपरीत कुछ आलोचकों का कहना है कि यह प्रक्रिया चुनाव को और जटिल बना सकती है। कोर्ट के पंचायत चुनाव में आरक्षण से जुड़े फैसले ने न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावित किया, बल्कि ग्रामीण मतदाताओं के बीच भी एक नई बहस छेड़ दी। कई लोग इसे सामाजिक न्याय की जीत मान रहे हैं, तो कुछ का मानना है कि बार–बार बदलती नीतियों से चुनावी प्रक्रिया में अनिश्चितता बढ़ रही है। अब, पंचायती राज विभाग को नई आरक्षण सूची तैयार करने और कोर्ट के निर्देशों का पालन करने की चुनौती है। ऐसे में चुनाव कराये जाने में देरी भी हो सकती है।

उधर, हाईकोर्ट के आदेश के बाद नये सिरे से आरक्षण की व्यवस्था के बीच प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा 2026 के जनवरी और फरवरी माह में होने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है और संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इन चुनावों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव की तिथियां देशभर के अन्य चुनावों और बोर्ड परीक्षाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दी जाएंगी। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से कराने पर जोर दिया जा रहा है। चुनाव के लिये सबसे खास बात यह है कि यह संभवता यह चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से कराये जा सकते हैं। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि गाँव की 'सरकार' बनाने के लिये से प्रदेश की 'राजधानी' लखनऊ तक में 'पंचायतों' का दौर चल रहा है। सभी दलों का शीर्ष नेतृत्व पूरी दमखम के साथ जुटा हुआ है क्योंकि पंचायत चुनाव के नतीजों से 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव के लिये भी 'मैसेज' निकलेगा।

एक समय था जब पंचायत चुनाव में राजनैतिक दल प्रत्यक्ष रूप से हिस्सेदारी नहीं लेते थे ,लेकिन अब करीब–करीब सभी राजनैतिक दल अपने प्रत्याशी उतारने से गुरेज नहीं करते हैं। यही वजह है कुछ राजनीतिक दल आगामी चुनावों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने पंचायत चुनावों में पूरी ताकत के साथ ताल ठोकने की तैयारी कर ली है।

# उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी में धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। वृहस्पतिवार को उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी बस्ती में कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्री प्राइमरी के शिक्षिकाओं ने श्री कृष्ण की लीलाओं का सजीव मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ल एवम् प्रबन्धनिदेशक विनय शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती तथा राधा कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन करके किया। समस्त कार्यक्रम में प्रबंधक के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिप्रभा त्रिपाठी ने अपनी सहभागिता दर्ज किया। समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण की बाल लीला, कंस वध एवं कृष्ण सुदामा की मित्रता आकर्षण का केंद्र बिंदु बन रहा । कृष्ण जन्म से लेकर सुदामा मिलन तक की संक्षिप्त लीलाएं प्रस्तुत की गई। माखन चोरी के लीला को देख सभी बच्चे भाव विभोर एवम् मनमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ल ने अपने संबोधन में शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जब–जब अधर्म की वृद्धि और धर्म की हानि होती है, तब–तब प्रभु किसी न किसी रूप में अवतार लेकर के मानव जाति को संदेश देते हैं। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधनिदेशक विनय शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा श्रीकृष्ण केवल एक धार्मिक प्रतीक ही नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, प्रेम, करुणा और ज्ञान के प्रेरणास्रोत हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, धैर्य, बुद्धिमत्ता और सही निर्णय हमें हमेशा विजय की ओर ले जाते हैं। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है दृ ष्कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन दृ अर्थात हमें अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता किए बिना। यह शिक्षा हमारे जीवन और शिक्षा, दोनों में समान रूप से महत्वपूर्ण है। अंत में उन्होंने कृष्ण शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि कर्षयति इति कृष्णरू जो सभी का ध्यान अपनी ओर हठात आकर्षित करें, उसे ही कृष्ण कहते हैं । उन्होंने सभी लोगों को जन्माष्टमी को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या के संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राम का चरित्र परम पवित्र है और श्याम का चरित्र परम विचित्र है राम का चरित्र अनुकरणीय है और कृष्ण का चरित्र वंदनीय है। राम ने जो किया है हमें वह करना चाहिए और श्याम ने जो कहा है हमें वह करना चाहिए । अंत में उन्होंने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा के सिंह, दिपाली गुप्ता, शिप्रा श्रीवास्तव, आर्चना जायसवाल, पूनम, मधुप्रिया मिश्रा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सर्पदंश से युवक की मौत, परिजनों का अस्पताल में हंगामा, सड़क जाम

**संवाददाता–देवरिया।** जिले के खामपार थाना क्षेत्र के एक युवक की गुरुवार को सर्पदंश से मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी पर जमकर हंगामा किया। इसके बाद शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग समय से एंबुलेंस नहीं पहुंचने और इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए हैं। खामपार थाना क्षेत्र के बंधी भीसा गांव निवासी अशोक कुशवाहा के दो बेटों में छोटा बेटा बिट्टू कुशवाहा (18) अपने कमरे में सोया हुआ था।




# पुलिसकर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**संवाददाता–गोण्डा।** शहर घर तिरंगाश अभियान के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था। जहां पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में यह यात्रा पुलिस कप्तान कार्यालय से शुरू होकर कोतवाली नगर तक पहुंची। यात्रा में जिले भर के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया एसपी जायसवाल के साथ अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत और राधेश्याम राय भी मौजूद रहे। सभी क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस अधिकारी एक साथ चल रहे थे।

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर महोदय अयोध्या, जनपद अयोध्या

वाद सं. टी. 20240423011226 4

राम सूरत

बनाम

राज्य सरकार आदि

बनाम–1– राज्य सरकार उत्तर प्रदेश आदि द्वारा कलेक्टर महोदय अयोध्या

2– रामनरायन पुत्र ओंकार निवासी ग्राम– तमपुरा परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद– अयोध्या

3– आशीष कुमार पुत्र रामबली ग्राम– तमपुरा परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद– अयोध्या

**तारीख पेशी 19–08–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 08 के 19 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 178/2025

श्रीमती श्यामपती–सायलान

1. श्रीमती श्यामपती उम्र लगभग 74 वर्ष पत्नी साधूसरन ग्राम भगवानपुर पोस्ट सोनहा थाना सोनहा तप्पा कोठिला परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 03–09–2025**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा

वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 03–09–2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

